बेली अस्पतालमें बिना प्लास्टर दर-दर भटक रहे मरीज

एक्स-रे का चार दिन बाद मिला समय

तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल में इन दिनों मरीजों के इलाज में मदद कम और उनकी परेशानी बढ़ाने का मामला सामने आ रहा है। अस्पताल में एक्स-रे जांच कराने पहुंचने वाले मरीजों को कई दिनों लंबी वेटिंग का दर्द झेलना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों को लंबी बेटिंग मिलने के कारण मरीजों की परेशानी एवं मर्ज दोनों बढ़ रहा है। शुक्रवार को फाफामऊ की मनोरमा शुक्ला जिनके हाथ का कच्चा प्लास्टर निकाल कर उन्हें पक्का प्लास्टर चढ़ाया जाना था। डाक्टर की सलाह पर अपने पति के साथ एक्स-रे कराने पहुंची जिन्हें मंगलवार २७ मई की डेट मिली। मनोरमा बार बार विनती कर रहीं थीं कि चार दिन बिना प्लास्टर रहने से उनकी परेशानी बढ़ सकती है। वहीं करन के पैरों में दर्द के कारण हड्डी रोग विशेषज्ञ ने एक्स-रे कराने के लिए लिखा था। एक्स -रे रूम से उन्हें २६ मई का समय दिया गया। हताश एवं निराश करन पुन: डाक्टर के पास पहुंचे और सोमवार तक की दर्द की दवा लेकर घर लौट गये। इसी तरह अभिषेक यादव जिन्हें पैरों में अंदरूनी चोट के कारण उन्हें चलने फिरने में दर्द बना रहता है एक्स-रे के लिए सोमवार को डेट दी गयी है।

रेलवे सुरक्षा बलने बिछड़ी महिलाको परिजनोंसे मिलाया

उमरे, प्रयागराज मंडल के प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन डिग्निटी के तहत तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए परिजनों से बिछड़ी एक महिला को सकुशल उनके परिवार से मिलाया।शुक्रवार को हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अशरफ अली खान ने शिकायतकर्ता एवं महिला के पुत्र अर्जुन कुमार से सम्पर्क किया। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता गाड़ी संख्या १९४८४ से समस्तीपुर से चित्रकूट की यात्रा कर रहे थे। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर उनकी माता स्टेशन पर ही छूट गयी। तलाशी के दौरान महिला प्लेटफार्म संख्या चार पर एक बेंच पर बैठी मिलीं।

अस्पतालकी शाखा खोलनेके नामपर २४.२५ लाख रुपये ऐंठे

रीवामें किरायेपर मकान देनेका दिया था भरोसा, रुपये मांगनेपर धमकी

मध्य प्रदेश के रीवा में अस्पताल की शाखा खोलने के लिए मकान किराये पर देने का झांसा देकर २४.२५ लाख रुपये खर्च कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मकान मालिक ने निर्माण और मरम्मत कराने के बाद अस्पताल के लिए मकान देने से इनकार कर दिया। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। अतरसुइया निवासी एक निजी अस्पताल के निदेशक स्वतंत्र कुमार शुक्ला ने जार्जटाउन थानामें संदीप कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी रेनू गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

स्वतंत्र कुमार शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जून २०२३ में संदीप कुमार गुप्ता अपनी पत्नी के साथ उनके अस्पताल आए थे। बातचीत के दौरान रीवा में अस्पताल की शाखा खोलने की बात हुई तो दंपती ने वहां स्थित अपना मकान किराये पर देने का प्रस्ताव रखा।

इसके बाद स्वतंत्र कुमार अपने मित्र सत्यम पांडेय के साथ रीवा गए और मकान देखा। मकान उपयुक्त लगने पर उसे अस्पताल के लिए किराये पर लेने की सहमति बन गई आरोप है कि संदीप और उनकी पत्नी ने खर्च की गई रकम धीरे-धीरे लौटाने का भरोसा दिया। इसके बाद २१ जुलाई २०२३ को स्वतंत्र कुमार ने दो लाख ३० हजार रुपये नकद दिए। साथ ही रेनू गुप्ता और संदीप गुप्ता के खातों में १.३५-१.३५ लाख रुपये भेजे। इसके बाद मकान में निर्माण और मरम्मत के लिए दुकानदारों व फर्मों के खातों में भी भुगतान किया गया। स्वतंत्र कुमार का दावा है कि मकान को अस्पताल के रूप में तैयार कराने में कुल २४२४५०० रुपये खर्च हुए। आरोप है कि मकान तैयार होने के बाद जब कियारानामा बनाने की बात कही गई तो संदीप गुप्ता और उनकी पत्नी ने मकान अस्पताल को किराये पर देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि पांच मई २०२६ को दंपती ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। रुपये मांगने पर आरोपितों ने गालीगलौज की और दोबारा पैसे मांगने पर प्रयागराज में ही जान से मरवाने की धमकी दी।

क्राइम ब्रांचका अधिकारी बताकर किया काल, मुकदमा

कीडगंज थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के पास अज्ञात नंबर से कॉल और व्हाट्सएप संदेश भेजकर उनकी बेटी के बारे में बात करने को कहा गया। कॉल करने वाले ने खुद को कोलकाता के लालबाजार स्थित क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। पीड़ित ने नंबर के आधार पर कीडगंज थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस जांच कर रही है। कीडगंज निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि ११ अक्टूबर की शाम को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। इसके बाद व्हाट्सएप पर फोटो और संदेश भेजा गया। संदेश में उनकी बेटी के बारे में जरूरी बात करने और कॉल करने को कहा गया था। शाम ५:३७ बजे दूसरा संदेश भी आया। पीड़ित ने संदेश भेजने वाले से पूछा कि जब उसके पास कॉल उठाने का समय नहीं था तो फोटो क्यों भेजी गई और संदेश क्यों किया जा रहा है। बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति ने खुद को कोलकाता के लालबाजार स्थित क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। पीड़ित ने १३ अक्टूबर को कीडगंज थाने में शिकायत देकर मोबाइल नंबर की जांच कराने और संबंधित व्यक्ति की जानकारी जुटाने की मांग की है।

पुरानी पेंशनके लिए पेंशनरोंने दोहरायी प्रतिबद्धता

वेलीडेशन एक्ट हम सभी पेंशनर्स के हितों के खिलाफ है। राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी पेंशनर एकजुट होकर आवाज बुलंद करें और अपने मन की बात सरकार को अवगत करायें। यह विचार अध्यक्ष राजेश यादव ने पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन, रामबाग की मासिक बैठकमें रामबाग स्टेशन स्थित मंदिर के पीछे हाल मे शुक्रवार को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वेतन आयोग एक जनवरी २०२६ से ही लागू होना चाहिए। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल करने की प्रतिबद्धता भी दोहरायी। सरकार के नीतियों पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल कर्मचारियों एवं पेंशनरों को डीए- डीआर की अगली किस्त शीघ्र घोषित करने का अनुरोध किया। पेंशनरों को दशहरा से पूर्व महंगाई राहत की घोषणा की उम्मीद थी परन्तु अब तक घोषणा न होने से उनमें निराशा है। साथ ही आठवें वेतन आयोग लागू करने की भी मांग की। कहा कि यदि सरकार ने पेंशनरों की मांगो पर गम्भीरता से विचार नहीं किया , तो देश के ६९ लाख से अधिक पेंशनर्स सरकार के खिलाफ मतदान करने को बाध्य होंगे। इसी के साथ उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक वैधानिक राष्ट्रीय आयोग के गठन की मांग की। बैठक का संचालन डीएन पाण्डेय न किया। बैठक के दौरान एसोसिएशन की पत्रिका का लोकार्पण किया गया। प्रमुख रूप से सर्वश्री कमलेश कुमार सोनकर, सुशील कुमार , आरपी उपाध्याय, मुन्ना, डी एन उपाध्याय, रवि शंकर मिश्रा, एम के पाण्डेय, रविन्द्र तिवारी सहित तमाम पेंशनर्स मौजूद रहे।

पीईटी परीक्षार्थियोंके लिए चलेगी विशेष ट्रेन

रेल प्रशासन द्वारा पीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या ०५१५३ और ०५१५४ बलिया-कानपुर सेंट्रल-बलिया के बीच चलेगी परीक्षा विशेष ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या ०५१५३ बलिया से २४, २९ एवं ३१ अक्तूबर को कुल तीन फेरे और गाड़ी संख्या ०५१५४ कानपुर सेंट्रल से २५ एवं ३० अक्तूबर तथा एक नवम्बर को कुल तीन फेरे लगायेगी।

पीडीए ने जीरोरोडपर अवैध निर्माण किया सील



पीडीए के जोनल अधिकारी सूरज कुमार पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को जोन-२ क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरूद्ध सीलबन्दी की कारवाई की गयी। जोनल अधिकारी के मुताबिक जीरोरोड स्थित विजय कुमार द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत उपयोग किये जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण या अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कारवाई जारी रहेगी, इसलिए ऐसे लोग पीडीए से नक्शा पास कराकर ही निर्माण करायें। साथ ही अन्य लोग भी किसी भी अवैध कालोनी, मेला क्षेत्र में भूखण्डों का क्रय विक्रय न करें। कारवाई में अवर अभियन्ता ईशू कनौजिया, सुपरवाईजर एवं पीडीए प्रवर्तन टीम मौजूद रही।

करवा चौथ पर्वको लेकर नगरके सजे बाजार

बाजारोंमें सुबहसे देर रात महिलाओंने तेज की खरीदारी, मिट्टीके साथही चांदी एवं स्टीलके करवोंकी बढ़ी मांग



करवा चौथ पर्व को लेकर नगर के बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। पुराने नगर के मुख्य बाजारों चौक, लोकनाथ, बहादुरगंज, जीरो रोड, रानीमंडी, सिविल लाइंस, कटरा, तेलियरगंज, खुल्दाबाद, राजरूपपुर, अलोपीबाग, दारागंज में महिलाओं की खरीदारी के लिए चहल पहल बढ़ी हैं। देर रात तक बाजारों में जमकर खरीदारी हो रही है। गुरूवार को करवा चौथका व्रत रखा जा रहा है। इस बार बाजारों में कश्मीरी चूड़ियों की सबसे ज्यादा मांग है। इसके साथ ही चमकदार जेली बैंगल्स, जयपुरी, राजस्थानी और पानी कलर की चूड़ियां महिलाओं को खूब आकर्षित कर रही हैं। बाजारों में गोटा-पत्ती, सितारों और शनील के कपड़े से सजी हुई खूबसूरत डिजाइनर थाली, लोटा और छलनी के सेट उपलब्ध हैं। इसके अलावा पारंपरिक मिट्टी के करवों के साथ साथ इस बार चांदी और स्टील के करवों की भी भारी मांग है। लाल, मैरून और सुनहरे रंग की साड़ियों, लहंगों और सूटों से कपड़ा बाजार गुलजार है। सोलह शृंगार के सामान जैसे बिंदी, सिंदूर, चूड़ी, बिछिया और आलता की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही हैं। हाथों में पति के नाम की मेहंदी रचाने के लिए मेहंदी कलाकारों के पास एडवांस बुकिंग चल रही है। ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाएं सजने और संवरने के लिए पहुंच रही हैं।

पिछले साल के मुकाबले इस बार दस से बीस प्रतिशत से भी अधिक महंगाई है, लेकिन त्योहार के क्रेज आगे महंगाई आड़े नहीं आ रही है। त्योहार के क्रेज को देखते हुए पूजा की थाली से लेकर सूट-साड़ी सहित ज्वेलरी में भी तमाम नयी आइटम बाजार में देखने को मिल रही है। इस बार डेकोरेटेड थाली और सेट दो सौ रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक मिल रहा है। खासकर नवविवाहित महिलाएं इसे ज्यादा पसंद कर रही हैं।

सिविल लाइंसमें ११ माडिफाइड बुलेट - सीज

सिविल लाइंस में पुलिस ने गुरुवार रात विशेष अभियान चलाकर ११ माडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिल को सीज किया। इसमें गैर मानक प्रेशर हार्न और माडिफाइड साइलेंसर लगे मिले। वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया।

सिविल लाइंस इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव को कई दिनों से खबर मिल रही थी कि कई युवक बुलेट मोटरसाइकिलों को माडिफाइड करा रखा है। इसमें प्रेशर हार्न और माडिफाइड साइलेंसर लगाए हुए हैं। इससे ध्वनि प्रदूषण फैलता है। साइलेंसर पटाखे जैसी तेज आवाज करते हैं, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को दिक्कत होती है। गुरुवार रात इंस्पेक्टर ने सुभाष चौराहा, एसपी मार्ग पर अभियान चलाकर ११ माडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिलों को पकड़ा। जांच में इन सभी में प्रेशर हार्न और माडिफाइड साइलेंसर लगे मिले, जिस पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सभी वाहनों को सीज किया गया।

डेयरीकी छत काटकर लाखोंका सामान चोरी

कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ममफोर्डगंज में किरायेदारी के विवाद के बीच डेयरी की छत काटकर लाखों रुपये का सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकान से सामान निकालने के बाद शटर के सामने नई दीवार बनाकर रास्ता बंद करने का प्रयास भी किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। गल्ला बाजार निवासी सुमित यादव ने पुलिस को दी तहरीर मेंबताया कि ममफोर्डगंज स्थित भवन में करीब २० वर्षों से डेयरी संचालित हो रही है। दुकान को लेकर मकान मालिक से किरायेदारी का विवाद चल रहा है। इस संबंध में अदालत में वर्ष २०२१ में वाद दाखिल किया गया था। मामले में अगली सुनवाई २२ अक्टूबर २०२६ को निर्धारित थी सुमित का आरोप है कि २१ अक्टूबर की सुबह अभिनव श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव और पांच से सात अज्ञात लोगों ने दुकान की छत काट दी। इसके बाद अंदर रखे दो डीप फ्रीजर, सीसीटीवी कैमरे की एलसीडी, टीवी, डीवीआर, बीएमसी, दुकान का काउंटर, कुर्सियां, एल्युमीनियम के करीब १० दूध फिल्टर, फैट मापने की मशीन और इलेक्ट्रॉनिक कांटा समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। आरोप है कि दुकान के शटर के सामने राजगीर और मजदूरों को लगाकर नई दीवार बनवाई जा रही थी, जिससे दुकान का रास्ता बंद हो जाए। पुलिस मामले में चोरी और दुकान का रास्ता बंद करने के प्रयास से जुड़े आरोपों की जांच की जा रही है।

इंटरनेशनल प्रयागराज फिल्म फेस्टिवल ३० से

मधुबाला फिल्म्स के बैनर तले आगामी ३० अक्तूबर से तीन दिवसीय इण्टरनेशनल प्रयागराज फिल्म फेस्टिवल २०२६ का आयोजन होटल प्रयाग इन और एमएनआईटी सभागार में किया जायेगा। यह जानकारी मधुबाला फिल्म्स के निदेशक आलोक मालवीय ने शुक्रवार को अशोक नगर स्थित होटल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अवार्ड लान्चिंग समारोह का भी आयोजन होगा। हिन्दी एवं हिन्दी की क्षेत्रीय भाषाओं (भोजपुरी, अवधी, बुंदेली एवं ब्रजभाषा) की फिल्मों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जायेगा। ३० -३१ अक्तूबरको होटल प्रयाग इन में फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा तथा एक नवम्बर को एमएनआईटी सभागार में अवार्ड प्रदान किया जायेगा। हिन्दी की उप भाषाओं की लगभग ८१ फिल्में प्राप्त हुईं हैं जिनको ११ वर्गों में पुरस्कृत किया जायेगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, फिल्म अभिनेता एवं सांसद रविकिशन, पद्मश्री नलिनी अस्थाना, पद्मश्री कमलिनी अस्थाना, फिल्म अभिनेता सुशील सिंह द्वारा अवार्ड प्रदान किया जायेगा।

बीज वितरणमें किसानोंको मिलेगा निर्धारित अनुदान एवं कृषक अंश

रबी फसलोंके उन्नत बीजोंपर मिलेगा सौ फीसदी तक अनुदान

कृषि विभाग द्वारा रबी सत्र २०२६-२७ में सामान्य बीज वितरण पर किसानों को मिलने वाले अनुमान्य अनुदान और कृषक अंश की आधिकारिक दरें घोषित की गयी है। इस व्यवस्था के तहत गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, तोरिया और राई, सरसों जैसी रबी फसलों के उन्नत बीजों पर अधिकतम ५० प्रतिशत से लेकर १०० फीसदी तक का अनुदान निर्धारित किया गया है। सरकार द्वारा विभिन्न फसलों पर अनुदान तथा कृषक अंश तय किया गया है जिसमें गेहूं १० वर्ष से कम अवधि की प्रजातियां की विक्रय दर रु ४,७३८ प्रति क्विंटल तय की गई है। इसमें रु २,६०० का कुल अनुदान केंद्रीय रु २,००० एवं राज्य का रु ६०० मिलेगा। जिससे किसान को केवल रु २,३६९ देने होंगे। गेहूं की १० वर्ष से अधिक अवधि की प्रजातियां रु ४,७३८ विक्रय दर पर रु १,३०० अनुदान मिलेगा और किसान का अंश रु ३,४३८ रहेगा। जौ में १० वर्ष से कम अवधि की प्रजातियों पर रु ३,००० तथा १० वर्ष से अधिक अवधि की प्रजातियों पर रु १,५०० प्रति क्विंटल का अनुदान मान्य है। चना के लिए ८ वर्ष से कम अवधि पर ७५फीसदी अनुदान के साथ कुल अनुदान रु ६,००० रहेगा। रु ९,५०० की विक्रय दर पर किसान को केवल रु ३,५०० का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार चना की १० वर्ष से कम अवधि के लिए रु ९,५०० विक्रय दर पर रु ४,००० का अनुदान और रु ५,५०० कृषक अंश रहेगा। वहीं मटरके लिए ८ वर्ष से कम अवधि की प्रजातियों पर ७५फीसदी अनुदान रु ६,००० दिया जा रहा है। रु ७,६७० की विक्रय दर पर किसान अंश केवल रु १,९१८ होगा। १० वर्ष से कम की प्रजातियों पर रु ३,८३५ का अनुदान मिलेगा। मसूर की ८ वर्ष से कम अवधि पर इस प्रजाति पर १००प्रतिशत का पूरा अनुदान रु १२,००० प्रति कुंतल मिल रहा है। रु १०,९४८ की विक्रय दर पर किसान अंश शून्य रहेगा। मसूर की १० वर्ष से कम अवधि के लिए रु १०,९४८ विक्रय दर पर ७५ प्रतिशत अनुदान रु ९,००० और कृषक अंश रु २,७३७ रहेगा। तोरिया की १५ वर्ष से कम अवधिके लिए रु ११,७८३ विक्रय दर पर रु ५,५०० राज्य अनुदान मिलेगा और किसान अंश रु ६,२८३ होगा। राई, सरसों की १५ वर्ष से कम अवधि पर रु १२,८५४ विक्रय दर पर रु ५,५०० राज्य अनुदान दिया जा रहा है, जिससे किसान अंश रु ७,३५४ तय किया गया है।

कब्जा कर जमीन बेचनेका आरोप, एफआईआर

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भीलपुर मेड़वारा गांव में दूसरे की जमीन पर कब्जा कर अपने हिस्से से अधिक भूमि बेचने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। राजस्व विभाग की जांच में चार विक्रेताओं की ओर से कुल ३५६.३२ वर्गमीटर अतिरिक्त जमीन बेचने की बात सामने आई है। शिकायतकर्ता किरण त्रिपाठी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

किरण त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भीलपुर मेड़वारा स्थित जमीन प्रेमादेवी और हरिमोहन से पंजीकृत बैनामे के जरिए खरीदी गई थी। इसके अलावा हरिमोहन से उनके हिस्से की जमीन भी बैनामा कराई गई थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि वह जमीन पर काबिज थीं। आरोप है कि १३ मई २०२६ को दिनेश कुमार सरवानी और उनके साथियों ने शिकायतकर्ता के कब्जे वाली जमीन को अपना बताकर दूसरे लोगों के नाम बेच दिया। राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार, रचना देवी ने अपने हिस्से से १०६ वर्गमीटर अधिक जमीन बेची। वहीं, दिनेश कुमार और आशीष कुमार ने अपने हिस्से से २५०.३२ वर्गमीटर अतिरिक्त भूमि का विक्रय किया। इस तरह कुल ३५६.३२ वर्गमीटर अधिक जमीन बेचे जाने का मामला सामने आया। रचना देवी, दिनेश कुमार, आरती देवी, आशीष कुमार और वंदना देवी समेत संबंधित लोगों के खिलाफ एयरपोर्ट थाना में एफआईआर दर्ज करायी है।

रंजिशमें युवकपर धारदार हथियारसे हमला, गंभीर

लाठी-डंडोंसे पीटनेके बाद सिरपर किया वार, धमकी

सिविल लाइंस में रंजिश को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। उसके सिर से खून बहने लगा और सीने पर भी गंभीर चोटें आईं। स्वजन उसे तत्काल तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। सिविल लाइंस पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। सिविल लाइंस ताशकंद मार्ग निवासी मो. अलीम खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा मो. फैज उर्फ रेहान २१ अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छह बजे अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर घर की तरफ जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान पहले से रंजिश रखने वाले अजान अली, प्रियांशु, कार्तिकेय और दो-तीन अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से पीटने लगे। आरोप है कि हमलावरों से बचकर उनका बेटा घर की तरफ भागा तो आरोपितों ने ललकारते हुए उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह बेहोश होकर मौके पर गिर पड़ा। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंचे पिता ने डायल ११२ पर पुलिस को जानकारी दी और घायल बेटे को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कारका शीशा तोड़कर लाखोंका सामान चोरी

आगरासे आनंद भवन घूमने आया था परिवार, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

आनंद भवन घूमने आए आगरा के एक परिवार की कार का शीशा तोड़कर चोरों ने नकदी और कीमती सामान पार कर दिया। चोर कार में रखे चार बैग उठा ले गए। इनमें डीएसएलआर कैमरा, १३ हजार रुपये नकद, सोने की चेन, बालियां, एप्पल के ईयरपॉड्स, डेबिट-क्रेडिट कार्ड और जरूरी दस्तावेज रखे थे। कर्नलगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से शातिरों की तलाश कर रही है। आगरा के सूमी बाग निवासी विवेक बिड़ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २० अक्टूबर को परिवार के साथ प्रयागराज घूमने आए थे। उन्होंने अपनी कार आनंद भवन के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद परिवार के साथ दोपहर करीब १२ बजे प्लेनेटेरियम में शो देखने चले गए। वहां से घूमने और भोजन करने के बाद दोपहर करीब तीन बजे कार के पास पहुंचे तो उसका एक शीशा टूटा मिला। कार के अंदर रखे चारों बैग गायब थे। बैग में डीएसएलआर कैमरा, १३ हजार रुपये नकद, सोने की चेन, सोने की बालियां और एप्पल के ईयरपॉड्स के अलावा एचडीएफसी, एसबीआइ, आइसीआइसीआइ, यूनियन बैंक, पीएनबी और एक्सिस बैंक के डेबिट कार्ड तथा एसबीआइ का क्रेडिट कार्ड रखा था। आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी चोरी हो गए। विवेक बिड़ला ने कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर चोरी हुए सामान की बरामदगी और आरोपितों के खिलाफ कारवाई की मांग की। कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर शातिरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

पीएसी के जवानोंने निकाली स्मृति रैली, शहीदोंको किया नमन



पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित १० दिवसीय विशेष कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चतुर्थ वाहिनी पीएसी परिसर, धूमनगंज से स्मृति रैली निकाली गई।

इसमें शामिल जवानों ने देश की सुरक्षा और कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सेनानायक संजय कुमार ने बताया कि रैली का उद्देश्य देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के त्याग और समर्पण को याद करना तथा उन्हें नमन करना है। रैली में पीएसी के अधिकारियों और जवानों ने हाथों में 'वीर अमर शहीदों को शत-शत नमन' का बैनर लेकर भ्रमण किया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया गया। इस मौके पर शिविरपाल अमित कुमार और सूबेदार सैन्य सहायक विजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बार और बेंचका सम्बन्ध बनाये रखेंगे- शेषमणि शुक्ला

अधिवक्ताओंने नये जिला जजका किया भव्य स्वागत



(विधि संवाददाता)

नए जिला जज शेषमणि शुक्ला का शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं ने अभिनंदन एवं स्वागत किया। साथ ही साथ निवर्तमान जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी को भावभीनी विदाई भी दिया । इस मौके पर जिला जज ने बार और बेंच का सम्बन्ध बनाये रखने की बात कही।

जिला अधिवक्ता संघ की ओर से आज जनपद न्यायालय में नवागंतुक जनपद न्यायाधीश शेष मणि शुक्ला का स्वागत समारोह तथा जनपद न्यायालय के पूर्व जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी का विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में नवागंतुक जनपद न्यायाधीश ने जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बार और बेंच की मधुरता को बनाये रखेगें तथा न्यायिक प्रक्रिया को सुचारू से चलाने के लिए प्रयासरत रहेगें।समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी एवं संचालन मंत्री बरुण सिंह ने किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश सिंह यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी कान्त मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष प्रिया तिवारी, संयुक्त मंत्री देवदत्त मिश्रा 'डी०डी० मिश्र, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय, पुस्तकलयाध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डेय, आडीटर उमाशंकर मिश्रा, तथा कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार मिश्रा 'शास्त्री' अभिषेक पाण्डेय, आनन्द कुमार शुक्ला, अंजनी कुमार पाण्डेय, दिनेश त्रिपाठी, नीशू कुमार सोनकर, आशुतोष शुक्ला, मुमताज आलम, अतुल कुमार तिवारी, आलोक नारायण श्रीवास्तव तथा पूर्व अध्यक्षगण विनोद चन्द्र दुबे, राजेन्द्र श्रीवास्तव, उमा शंकर तिवारी, शीतला प्रसाद मिश्रा, राकेश कुमार तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा 'रज्जू' तथा पूर्व मंत्री राघव सिंह, मनोज कुमार सिंह 'लोकेश', विद्या भूषण द्विवेदी, प्रमोद सिंह 'नीरज' तथा दिनेश चन्द्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

विशेष ट्रेनके अतिरिक्त फेरोंका होगा संचालन

रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों सुविधा हेतु गाड़ी संख्या ०१०५३ और ०१०५४ देवलाली-दानापुर-देवलाली साप्ताहिक विशेष ट्रेन के अतिरिक्त फेरो का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या ०१०५३ देवलाली-दानापुर विशेष ट्रेन के दो अतिरिक्त फेरे शनिवार, २४ एवं ३१ अक्तूबर को दो फेरे और गाड़ी संख्या ०१०५४ दानापुर-देवलाली विशेष ट्रेन के दो अतिरिक्त फेरे सोमवार, २६ अक्तूबर एवं दो नवम्बर को दो फेरे लगेंगे।

ब्याज माफी योजनाओंके बताये लाभ

अधिकारियों एवं व्यापारियोंनें की बैठक

जनपद में व्यापारियों के हित में लागू ब्याज माफी योजना को जीएसटी अधिकारियों एवं व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें अधिकारियों ने ब्याज माफी योजनाओं के लाभ बताये। इसमें व्यापारियों को योजना की जानकारी दी गयी। बैठक में संयुक्त आयुक्त अच्छे लाला विश्वकर्मा, ऋचा अग्रवाल और डिप्टी कमिश्नर संजय कुमार ने व्यापारियों के साथ योजना पर चर्चा किया। सिविल लाइंस व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा ने कहा कि सरकार की इस पहल से प्रदेश भर के व्यापारियों को राहत मिलेगी।

पुराने वैट के मामलों में कर निर्धारण होने के बाद विवाद या फैसले की प्रक्रिया पूरी होने तक ब्याज भी बढ़ता रहता है। अब सरकार ने ऐसे मामलों में ब्याज माफी का प्रावधान कर व्यापारियों को राहत देने का काम किया हैं।

उन्होंने कहा कि पुराने मामलों में ब्याज की राशि बढ़ने से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता था। ऐसे में ब्याज माफी से उन्हें राहत मिलेगी। लुंबित कर मामलों के निस्तारण में भी मदद मिल सकती है। बैठक में आशीष अरोड़ा, शेख डाबर, हरीश बक्शी, मेघराज यादव, सिकंदर अली, ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

योजनाके प्रचार-प्रसारके लिए चलेगा अभियान

शासन के निर्देश पर राज्य कर विभाग ने व्यापारियों को ब्याज माफी योजना में ब्याज और अर्थदण्ड में राहत दी है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समुचित मार्गदर्शन देते हुए व्यापारी वर्ग, व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों, अधिवक्ता संघ तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को ब्याज माफी योजना के प्रावधानों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ प्रचार प्रसार के लिए सूचना/होर्डिंग लगाने के निर्देश दिये हैं। सभी बकायेदार व्यापारियों से सम्पर्क कर कर आवश्यक रूप से स्थापित किया जाये, योजना में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया जाये। जिससे शासन की अपेक्षानुसार योजना को सफल किया जा सके। यह सम्पूर्ण योजना आनलाइन व्यवहरित होनी है। जिसकी व्यवस्था विभागीय पोर्टल पर की गयी है। राज्य कर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक योजना का विभागीय पोर्टल के माध्यम से ही अनुश्रवण किया जायेगा। व्यापारियों के लिए प्रत्येक लोकेशन जनपद पर हेल्प डेस्क की स्थापना इस आशय से की जायेगी कि योजना से लाभान्वित होने के इच्छुक व्यापारियों को कोई असुविधा न हो। व्यापारियों को योजना के अन्तर्गत सहभागिता के लिए प्रेरित करने की व्यवस्था करें। व्यापारियों को योजना के अन्तर्गत सहभागिता के लिए प्रेरित करने का भी कार्य किया जाना है। इसके साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए अध्यक्षता में व्यापार बंधु, अधिवक्ता संघ तथा चार्टर्ड एकाउंटेंट एसोसिएशन व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अवगत करायेंगे। योजना के अनुरूप बकायेदारों को यथासंभव लाभ उपलब्ध कराये जाने के लिए यह आवश्यक है कि अभिलेखों व बकाये का परीक्षण, प्राथमिकता के आधार पर कर लिया जाये।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५९)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।